देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

माननीय कुलपतिजी द्वारा गठित हिन्दी कार्यान्वयन समिति की बैठक दि. 13.06.2014 को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की गई । बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :–

1. डॉ. दिनेश वार्ष्णेय, अध्यक्ष
2. डॉ. अर्चना रांका, सदस्य
3. डॉ. रामेश्वर जाटवा, सदस्य
4. प्रो. रजनीश जैन, संयोजक

समिति सदस्यों द्वारा निम्नलिखित अनुशंसाए की गई :

1. विश्वविद्यालय में हिन्दी भाषा निदेशालय की स्थापना बाबद् प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु उसे कार्य–परिषद् की बैठक में प्रस्तुत किया जावे।

(कार्यवाही : प्रशासन विभाग)

2. विश्वविद्यालय की सभी अध्ययनशालाओं में अध्यापन कार्य को हिन्दी भाषा में करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष अध्ययनशाला स्तर पर हिन्दी दिवस का आयोजन किया जावे। अध्ययनशालाओं में विद्यार्थियों को हिन्दी माध्यम से पढ़ाने हेतु समुचित प्रयास किये जावे।

(कार्यवाही : समस्त विभागाध्यक्ष)

3. हिन्दी के विकास हेतु अध्ययनशालाओं में विद्यार्थियों के लिए हिन्दी माध्यम में संगोष्ठी/कार्यशाला आयोजित की जावे साथ ही हिन्दी माध्यम में एसाइनमेंन्ट तैयार करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया जावे। विद्यार्थियों को पढ़ाई जाने वाली पठन सामग्री हिन्दी माध्यम में उपलब्ध कराने के प्रयास किये जावे। विभागाध्यक्षों द्वारा हिन्दी कार्यान्वयन के प्रचार–प्रसार हेतु आवश्यक योजनाएं बनायी जावे।

(कार्यवाही : समस्त विभागाध्यक्ष)

4. विश्वविद्यालय शिक्षण अध्ययनशालाओं द्वारा हिन्दी कार्यान्वयन हेतु प्रसारित की गई सूचनाओं/आदेशों की प्रतिलिपि आई.क्यू.ए.सी. निदेशक तथा हिन्दी कार्यान्वयन समिति को भी प्रेषित की जावे।

(कार्यवाही : हिन्दी कार्यान्वयन समिति संयोजक)

5. हिन्दी कार्यान्वयन समिति सदस्य डॉ. रामेश्वर जाटवा द्वारा विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर हिन्दी कार्यान्वयन हेतु एक लिंक स्थापित करने का सुझाव दिया गया जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा हिन्दी कार्यान्वयन हेतु किये गये कार्यो की जानकारी उल्लेखित हो।

(कार्यवाही : डॉ. रामेश्वर जाटवा, समिति सदस्य)

6. आई.टी. सेन्टर, दे.अ.वि.वि. इंदौर द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों को कम्प्यूटर पर हिन्दी टायपिंग हेतु प्रशिक्षण दिया जावे।

(कार्यवाही : प्रभारी, आई.टी.सेन्टर)

7. विभागाध्यक्ष, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, दे.अ.वि.वि. इंदौर को समिति में आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जावे तथा हिन्दी कार्यान्वयन हेतु कार्यशाला आयोजित करने का दायित्व सौंपा जावे।

(कार्यवाही : हिन्दी कार्यान्वयन समिति संयोजक)

समिति अध्यक्ष

समिति संयोजक